# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2017/815** **दिनांक : 28.06.2017**

**प्रति,**

**अंतिम स्मरण पत्र**

**प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/समन्वयक**
**समस्त शासकीय एवंअशासकीय सम्बद्व महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाऐं**
**जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर**

**विषयः- बी0एल0एल0बी षष्ठम,अष्टम एवं दशम सेमेस्टर मई-जून 2017 के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिकी (VIVA-VOCE) परीक्षा के अंक दिनांक तक 29.06.2017 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट करने वावत्।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयान्तर्गततलेख है कि, **बी0एल0एल0बी षष्ठम,अष्टम एवं दशम सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2017** (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0) की प्रायोगिक/मौखिकी (VIVA-VOCE) परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बाहृय परीक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। नियुक्त किये गये बाहृय परीक्षकों के नियुक्ति पत्र संबंधित महाविद्यालयों की ओर महाविद्यालयों की ई-मेल आई.डी0 पर भेजे जा चुके है। कृपया आप नियुक्त बाहृय परीक्षकों से सम्पर्क कर शीघ्र परीक्षाऐं सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

**बी0एल0एल0बी षष्ठम,अष्टम एवं दशम सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2017** (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0) छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिक (VIVA-VOCE) परीक्षा सम्पन्न कराकर आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर ऑनलाईन दिनांक 29 जून 2017 तक अनिवार्य रूप से अपडेट करें, अपडेट किये गये अंकों की सूची की हार्ड कापी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में दिनांक 30 जून 2017 तक अनिवार्य रूप से जमा करायें।

आपको भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिक (VIVA-VOCE) परीक्षा के अंक सभी नियमित/असंस्थागत/भूतपूर्व छात्रों के ऑनलाईन अपडेट किये जाते है। ए0टी0के0टी के परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिक (VIVA-VOCE) परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। केवल ऐसे ए0टी0के0टी0 परीक्षार्थी जिनको आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिक (VIVA-VOCE) परीक्षा में ए0टी0के0टी0 प्राप्त होती है। केवल उन्ही छात्रों को नवीन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिक (VIVA-VOCE) के अंक अपडेट किये जाते है।

आपको यह पुनः स्मरण कराया जाता है कि, आपके महाविद्यालय के लिये नियुक्त बाहृय परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये हैं। **संबंधित बाहृय परीक्षकों से प्रायोगिक परीक्षाऐं सम्पन्न कराये जाने के उपरांत हार्डकॉपी पर बाहृय परीक्षक का नाम एवं मोबाइल एवं ई.मेल आई.डी स्पष्ट रूप से अंकित करें। उक्त जानकारी के आभाव में संबंधित महाविद्यालय के अंक किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जावेंगें।**

**आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नहीं करने एवं अपडेट अंको की हार्डकापी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग की प्रायोगिक शाखा में जमा नही करने पर संबंधित महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जावेगा।। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।**

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि :-**

1. कुलपति महोदया के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. उप/सहा0 कुलसचिव(गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

**उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**